i-NEXT PAGE 5

एलयू के दीक्षांत में बीटेक स्टूडेंट्स को डिग्री

कॉलेज को बच्चों को डाक से डिग्री भेजनी होगी

दो महीनों के अंदर यूनिवर्सिटी को बताना होगा

इंजीनियरिंग संकाय के तहत बीटेक के 5 कोर्स संचालित किए जाते हैं. हर कोर्स में 60 सीटें हैं. इस बार 30 हजार डिग्रियों का वितरण होना है.

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (23 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में पहली बार बीटेक के पहले बैच को डिग्री दी जाएंगी. इसके लिए यूनिवर्सिटी की तरफ से डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह को अधिकृत किया गया है. यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि इंजीनियरिंग संकाय के तहत बीटेक के 5 कोर्स संचालित किए जाते हैं. हर कोर्स में 60 सीटे हैं. समारोह के बाद इस बार तकरीबन 30 हजार डिग्रियों का वितरण होना है. इनमें यूनिवर्सिटी और कॉलेज दोनों का आंकड़ा शामिल है. दीक्षांत समारोह की डेट 29 नवंबर प्रस्तावित है.

डिटेल भेजनी होगी

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक यूनिवर्सिटी की कोशिश है कि दो माह के अंदर छात्रों को उनकी डिग्रियां उनके पते पर पोस्ट कर दी जाये. वहीं कॉलेजों की डिग्रियां, कॉलेज भेज दी जाएंगी. कॉलेजों को छात्रों के घर उनके बताए पोस्ट पर डाक के जरिये भेजनी होगी. वहीं कॉलेज को दो माह के अंदर छात्रों के पते पर भेजी गई डिग्रियों का विवरण यूनिवर्सिटी को उपलब्ध कराना होगा, जिससे राजभवन को यह सूचना उपलब्ध कराई जा सके. इससे स्टूडेंट्स को काफी लाभ होने की उम्मीद जताई जा रही है.

सारा को श्री विद्या प्रकाश स्कॉलरशिप

सत्र 2019.20 में अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने एवं यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएट में अध्ययन करने के दौरान दी जाने वाली श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र विभाग की सारा को यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने प्रदान की. छात्रवृति में सारा को बीए ऑनर्स में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने के परिणाम स्वरूप 1000 की धनराशि उनके परास्नातक की पढ़ाई के दौरान 2 वर्षों तक प्रदान की जाएगी.

प्रो. नलिनी पांडेय एचओडी

LUCKNOW: लखनऊ यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर प्रो. नलिनी पांडेय को विभाग का हेड नियुक्त किया गया है. उनका कार्यकाल 25 नवंबर से तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षता आयु पूरी होने की डेट तक मान्य होगा. एलयू रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है.

NBT PAGE 6

सारा को स्कॉलरशिप

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी के अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली सारा को विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप के लिए चुना गया है। छात्रवृति में सारा को एक हजार रुपये की धनराशि उनके परास्नातक की पढ़ाई के दौरान दो साल तक हर महीने मिलेगी। एलयू कुलपति प्रो. आलोक राय ने मंगलवार को उन्हें सम्मान पत्र दिया। सारा ने सत्र 2019-20 में स्नातक किया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि उन्हें यह छात्रवृति 2020-21 और 2021-22 में पीजी की पढ़ाई के दौरान दी जाएगी।

26 को होगा एलयू का 64वां दीक्षांत समारोह

मंच पर 15 मेधावियों को ही मिलेंगे मेडल

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू का 64वां दीक्षांत समारोह 26 नवंबर को मालवीय सभागार में मनाया जाएगा। सुबह 10 बजे से होने वाले इस समारोह में मंच पर सिर्फ 15 मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे। यानी मेडल और डिग्रियां अनिवार्य और रविवार को विषयों में दिए जाएंगे।

कुर्ते-पायजामे में आएंगे छात्र

समारोह में शिक्षक चंद गले के काले कोट में नजर आएंगे तो छात्र कुर्ते और पायजामे में होंगे। वे महरून कुर्ते, ज्रीम चूड़ीदार पायजामा, काला जूता, ज्रीम कलर साटन पर गोल्डन कलर की नहारी वॉइट पट्टी और मरून रंग की बीनर वॉइट पट्टी पहनेंगे। वहीं, छात्राएं, मरून साड़ी गोल्डन वॉइट के साथ या महरून कुर्ता चूनर्ी-ड्रेजन, ज्रीम चूड़ीदार के साथ पहनेंगे। एलयू कुलसचिव विनोद कुमार ने बताया कि महिला शिक्षक ज्रीम साड़ी गोल्डन वॉइट के साथ पहनेंगी तो पुरुष शिक्षक चंद गले का काला कोट पैंट और काले जूते पहनेंगे।

कल मिलेंगे परिधान

कुलसचिव विनोद कुमार सिंह ने बताया कि समारोह में पीएचडी, डीलिट उपाधि और मेडल हासिल करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को 25 नवंबर तक कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या पांच और छह में परिधान दिए जाएंगे। स्टूडेंट्स को ऑगनवस्त्र के लिए 350 रुपये और कुर्ता पायजामा के लिए 450 रुपये कैशियर कार्यालय में जमा करने होंगे।

चयनित मेडलिस्ट

मेडल	विजेता
पांसलर	स्वाती सिंह
डॉ. छात्रवर्ती गोल्ड	देवयर दूबे
पांसलर सिल्वर (2)	लक्षि गुप्ता
वाइस पांसलर	नेडल नीलेन्द्र श्रीवास्तव (बेस्ट एनसीसी कैडेट)
पांसलर ब्रांज	इकरा रिजवान वारसी (बेस्ट स्टूडेंट बीए)
पांसलर ब्रांज	अभिनव कुमार वर्मा (बेस्ट स्टूडेंट बीए)
पांसलर ब्रांज	मो. अयूब अहमद (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी)
पांसलर ब्रांज	कुलदीप कुमार पटेल (बेस्ट स्टूडेंट बीएससी)
पांसलर ब्रांज	दीक्षा मिश्रा (बेस्ट स्टूडेंट बीकॉम)
पांसलर ब्रांज	सुहानी कानयाल (बेस्ट स्टूडेंट बीकॉम)
पांसलर ब्रांज	विनय सिंह (बेस्ट स्टूडेंट बीएफए)
पांसलर ब्रांज	श्रद्धा पाण्डेय (बेस्ट स्टूडेंट बीएफए)
पांसलर ब्रांज	पुनीत देशवाल (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी पांच साल)
पांसलर ब्रांज	प्रियंवदा शुक्ला (बेस्ट स्टूडेंट एलएलबी 3 साल)

खुलेंगे ट्राइबल म्यूजियम के दरवाजे

समारोह में ट्राइबल म्यूजियम का लोकार्पण भी होगा। एनथ्रोपोलॉजी विभाग में बना यह राज्य का पहला आदिवासी संग्रहालय है। यहां यूपी की सात व अन्य छह जनजातियों के वेशभूषा, खानपान, निकाही जीवन का तरीका, संस्कृति से जुड़ी चीजें रखी जा रही हैं। लोकार्पण के बाद छात्रों के अलावा अन्य लोग भी यहां संग्रहालय देख सकेंगे।

HINDUSTAN PAGE 5

मालवीय सभागार में आज होगी दीक्षांत की रिहर्सल

एलयू

लखनऊ | कार्यालय संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 26 नवम्बर को होना है। दीक्षांत की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मेडल की सूची और मेहमानों के नाम भी जारी हो चुके हैं। अब बुधवार को मालवीय सभागार में दोपहर 12 बजे से दीक्षांत समारोह की रिहर्सल होगी। मिनट टू मिनट सभी कार्यक्रमों को आयोजित किया गया है। कुलाधिपति के आने से लेकर मेधावियों को मेडल दिए जाने तक के कार्यक्रम मंच पर रिहर्सल के रुप में किए जाएंगे। ताकि दीक्षांत समारोह के दिन कोई कमी नहीं रह जाए।

रिहर्सल में शिक्षक और छात्र अपना-अपना रोल निभाएंगे। दीक्षांत की रिहर्सल पर 15 मेडल प्रदान किए जाएंगे। कुलाधिपति, कुलपति की भूमिका में शिक्षक नजर आएंगे।

कल स्थापना दिवस

लखनऊ विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस 25 नवम्बर को मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस पर छात्राओं के पहले बैंड रूहानी को लांच किया जा रहा है। जिसमें सिर्फ छात्राएं ही शामिल हैं और ये छात्राएं अपने गीतों से लैंगिक समानता का संदेश देंगी। मुख्य अतिथि के रूप में लेखक एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र दिनकर पी श्रीवास्तव होंगे। इस मौके पर छात्र-छात्राएं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संस्कृत गीतों की प्रस्तुति भी होगी।

छात्रा को छात्रवृत्ति

विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र की छात्रा सारा को दी जाएगी। ये छात्रवृत्ति अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स में सर्वोच्च स्थान पाने एवं विश्वविद्यालय से परास्नातक में अध्ययन करने के दौरान दी जाती है।

PIONEER PAGE 3

लविवि के दीक्षांत समारोह में बीटेक छात्रों को मिलेगी पहली बार डिग्री

● दो माह के अंदर कालेजो को डिग्री छात्रों के घर भेज कर देनी होगी सूचना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

26 नवम्बर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में इस बार बीटेक के पहले बैच को विवि की तरफ से डिग्री दी जाएगी। इसके लिए विवि की तरफसे समारोह के दौरान वितरण के लिए डीन लॉ प्रो. सीपी सिंह को अधिकृत किया गया है।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि इंजीनियरिंग संकाय के तहत बीटेक के अंतर्गत 5 कोर्स संचालित किए जाते हैं। हर कोर्स में 60 सीटे हैं। उन्होंने बताया कि समारोह के बाद इस बार तकरीबन 30 हजार डिग्रियों का वितरण होना है। इनमे विवि और कॉलेज दोनो का आंकड़ा शामिल है।

परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि विवि की कोशिश है कि दो माह के अंदर छात्रों को उनकी डिग्रियां उनके पते पर पोस्ट कर दी जाय। वहीं कालेजों की डिग्रियां, कालेज भेज दी जाएंगी। कालेजों को छात्रों के घर उनके बताए पोस्ट पर डाक के जरिये भेजनी होगी। वहीं कालेजों को दो माह के अंदर छात्रों के पते पर भेजी गई डिग्रियों का विवरण विवि को उपलब्ध कराना होगा। जिससे राजभवन को यह सूचना उपलब्ध कराई जा सके।

सारा को मिली श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप

लखनऊ। सत्र 2019-20 में अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने एवं विश्वविद्यालय से परास्नातक में अध्ययन करने के दौरान दी जाने वाली श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र विभाग के सारा को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने प्रदान की। छात्रवृत्ति में सारा को बीए ऑनर्स में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने के परिणाम स्वरूप 1000 की धनराशि उनके परास्नातक की पढ़ाई के दौरान 2 वर्षों तक प्रदान की जाएगी।

JAGRAN CITY PAGE I

प्रो. नलिनी बनीं वनस्पति विज्ञान विभाग की हेड

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. नलिनी पांडेय को विभाग का हेड बनाया गया है। उनका कार्यकाल 25 नवंबर से तीन वर्ष की अवधि या अधिवर्षता आयु पूरी होने की तिथि तक मान्य होगा। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। (जासं)

छात्रा को छात्रवृत्ति

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एमए अर्थशास्त्र में पढ़ रही छात्रा सारा को एक हजार रुपये प्रति माह के हिसाब से दो साल तक छात्रवृति मिलेगी। विभाग के हेड प्रो. एमके अग्रवाल ने बताया कि नीति आयोग के उपाध्यक्ष डा. राजीव कुमार विश्वविद्यालय के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपने पिता स्व. विद्या प्रकाश की स्मृति में छात्रवृत्ति शुरू की है। (जासं)

स्कूल से विश्वविद्यालय तक का स्वर्णिम सफर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) 25 नवंबर को अपने 101 वर्ष पूरे करेगा। विश्वविद्यालय की यह यात्रा काफी गौरवशाली रही है। मई 1864 में हुसैनाबाद कोठी में अस्थायी स्कूल से शुरू हुई कैनिंग कालेज की यात्रा 25 नवंबर 1920 को विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद भी जारी है। तब से लेकर अब तक कई ऐसे छात्र-छात्राएं यहां से पढ़कर निकले, जिन्होंने देश-दुनिया में अलग पहचान बनाई।

इनमें पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा, पूर्व राज्यपाल सुरजीत सिंह बरनाला, पूर्व राज्यपाल आरके त्रिवेणी, पूर्व डीजीपी अतुल कुमार से लेकर तमाम डाक्टर, आइएएस-पीसीएस, मंत्री एवं विज्ञानी शामिल हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वरिष्ठ विज्ञानी डा. नवीन खन्ना व चंद्रयान-2 की मिशन निदेशक डा. रितु करिधल समेत विश्वविद्यालय के कई ऐसे सितारे हैं, जो आज भी नए भारत के सृजन में अपना योगदान दे रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में कक्षाओं का संचालन वर्ष 1921 में शुरू हो गया था। शिक्षकों की मानें तो तब कला एवं विज्ञान संकाय स्थापित किया गया था। विश्वविद्यालय के 101 वर्ष के इस सफर का हर पन्ना अपने में एक गौरवशाली इतिहास को संजोए हुए है। अवध की शान इस विश्वविद्यालय में आचार्य नरेंद्र देव, डा. राधा कमल मुखर्जी, प्रो. धीरेंद्र नाथ मजूमदार जैसे महान शिक्षक भी रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस कल

विश्वविद्यालय ने मेरा जीवन बनाया

इंटरनेशनल सेंटर फार जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलाजी में वरिष्ठ विज्ञानी डा. नवीन खन्ना को हाल ही में अच्छे शोध कार्यों के लिए पद्मश्री से अलंकृत किया गया है। हेपेटाइटिस बी, एचआइवी, डेंगू संक्रमण की पहचान के लिए डायग्नोस्टिक किट बनाने वाले डा. नवीन ने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी और फिर वर्ष 1977 में एमएससी बायो केमेस्ट्री से किया है। वह बताते हैं कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने मेरा जीवन बनाया है। यहां जो सीखा, वो कभी नहीं भूला। यहां के शिक्षक बहुत अच्छे हैं। उनसे संपर्क आज भी है। किसी भी विश्वविद्यालय के लिए सबसे जरूरी है कि वहां के छात्र पढ़कर क्या कर रहे हैं? इस मामले में लखनऊ विश्वविद्यालय आगे है।

शिक्षकों छात्रों के बीच बेहतर तालमेल

उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी अतुल कुमार भी विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं। वर्ष 1968 में बीएससी, 1972 में एमएससी और फिर तीन साल रिसर्च स्कालर रहने के बाद 1976 में आइपीएस बने। वह बताते हैं कि यहां शुरू से फिजिक्स, लॉ और बायो केमेस्ट्री की फैकल्टी बहुत अच्छी रही है। शिक्षक और छात्रों के बीच अच्छा तालमेल था। हाईकोर्ट के कई न्यायाधीश से लेकर तमाम लोग यहां से पढ़कर निकले हैं। विश्वविद्यालय शैक्षिक स्तर पर देश-विदेश में और ऊंचाइयों तक पहुंचे, यही उम्मीद है।

सिर्फ प्रथम श्रेणी वालों को मिला था एमएससी में दाखिला

मेरे लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का छात्र होना गर्व की बात है। यह कहना है डिपार्टमेंट आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी (डीएसटी) मंत्रालय में तैनात वरिष्ठ सलाहकार (एडिशनल सेक्रेटरी रैंक) डा. अखिलेश गुप्ता का। वह बताते हैं कि एमएससी में पढ़ाई का समय यादगार रहा। फिजिक्स विभाग सबसे बेस्ट था। उस समय सिर्फ बीएससी प्रथम श्रेणी वाले 50 छात्रों को ही एमएससी में दाखिला मिला था। वर्ष 1984 बैच के जितने भी हमारे साथी हैं, ज्यादातर बड़े पदों पर तैनात हैं। इनमें विज्ञानी कम, बैंक में मैनेजर ज्यादा हुए।

इतिहास एक नजर में

- **1** मई 1864 में कैनिंग कालेज की हुई थी स्थापना।
- **25** नंवबर 1920 को लवि की स्थापना हुई थी।
- **1921** में यहां कक्षाएं शुरू हो गई थीं। तब आर्ट और साइंस फैकल्टी थी।
- **02** लाख 25 हजार विद्यार्थी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 525 कालेजों में हैं।
- **25** नवंबर को अपनी स्थापना के 101 साल पूरे करेगा विश्वविद्यालय

पढ़ाई का बेहतर माहौल मिला

भारत के उप नियंत्रक महालेखा परीक्षक के पद पर कार्यरत जयंती प्रसाद यहां के टापर रहे हैं। वह बताते हैं कि वर्ष 1980 में बीएससी, फिर फिजिक्स में एमएससी से किया। कई गोल्ड मेडल मिले। विश्वविद्यालय में शिक्षक प्यार से पढ़ाते थे। कई शिक्षक आज भी संपर्क में हैं।

विद्यार्थियों को जिम व कर्मियों को नए आवास की मिलेगी सुविधा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के 64वें दीक्षा समारोह पर हास्टल में रहने वाले छात्र-छात्राओं को माडर्न जिम और कर्मचारियों को नए आवास का उपहार मिलेगा। इसके अलावा सभी छात्रावासों में सेनेट्री नैपकिन मशीन, माडर्न एंबुलेंस की भी शुरुआत होगी।

मालवीय सभागार में 26 नवंबर को दीक्षा समारोह होगा। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों के लिए हबीबुल्लाह हास्टल के पास 32 नए फ्लैट बनाए गए हैं, जिसका उद्घाटन होगा। इसके अलावा सभी हास्टलों में विद्यार्थियों के लिए जिम भी स्थापित किए गए हैं। उसे शुरू किया जाएगा। परिसर में दो कम्युनिटी टायलेट का भी उद्घाटन होगा। वहीं, एंथ्रोपोलाजी विभाग में नया ट्राइबल म्यूजियम तैयार किया गया है। कोआर्डिनेटर डा. केया पांडेय ने बताया कि विभाग में एक संग्रहालय बना है। उसमें भारत और अन्य देशों की सभी जनजातियों की वेषभूषा, संस्कृति आदि से जुड़ी चीजें संरक्षित हैं। अब सिर्फ जनजातीय संग्रहालय बनाया गया है।

THE PIONEER PAGE 3

Hindi Sansthan honour for LU prof

Lucknow (PNS): Prof RP Singh from the department of English and Modern European Languages, Lucknow University, received the 'Dr Ram Kumar Verma Bal Natak Samman 2020' from UP Hindi Sansthan. The award carries Rs 51,000. Hindi Sansthan gave away Bal Sahitya Awards on Tuesday at a function which was organised at Yashpal Sabhaghar.

This award is given to an established playwright for the overall contribution to children's drama. Prof Singh's plays for children show a concern for the environment contextualising children's psyche. He Singh writes in English and Hindi, and also has Bhartendu Harishchandra & Mohan Rakesh awards among others to his credit. "Since English caters to the requirements of international goals and targets, and is globally oriented, English for academic prospects was primary for me. So far as writing in Hindi language is concerned, it is obvious that it has helped me meet native communities, families and society. Writing in both English and Hindi is an access to immense opportunity," Prof Singh said.

A frequently anthologised poet in more than 12 prestigious anthologies, he has published more than 300 poems and popular articles in newspapers and magazines. He is the recipient of 18 awards for his creative writing, innovations in teaching, and commendable contribution in higher education.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

सारा को मिली छात्रवृत्ति

लखनऊ। लविवि में सत्र 2019-20 में अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर विवि से परास्नातक में पढ़ाई के लिए दी जाने वाली श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र विभाग की सारा को प्रदान की जाएगी। छात्रा को दो वर्षों तक 1000 रुपये मिलेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

इंटरनल के नंबर 15 तक अपलोड करें

लखनऊ। लविवि में दिसंबर सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। इस क्रम में परीक्षा नियंत्रक ने सभी हेड व कॉलेज प्राचार्यों को पत्र भेजकर कहा है कि वे यूजी-पीजी दिसंबर सेमेस्टर के इंटरनल, प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षा के नंबरों को पोर्टल पर 15 दिसंबर तक अपलोड करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

TOI PAGE 3

LU MEDAL WINNERS

Son of debt-ridden farmer wants to create village jobs

Himanshu Singh | TNN

Lucknow: Reeling under severe financial crisis for the last few years, the family of Shivanand Singh, a farmer from Lucknow, finally has a reason to rejoice.

Their son Vinay Singh, a Bachelor of Fine Arts (BFA) student of Lucknow University, has been named as the winner of Chancellor Bronze medal.

The medal will be awarded to Vinay during the LU's convocation ceremony on November 26.

"This is not only a medal for me but hope and motivation for my entire family, which has been suffering from financial crisis for long now," said Vinay, while recalling how his father came under huge debt due to crop loss and could not even sell the only piece of land they owned.

"Covid-19 pandemic added more challenges to our life but we didn't give up. My father took another Kisan credit card loan so that my studies could continue," said Vinay.

"I will work harder and go into the textile industry so that I can earn not only to clear the debts of my parents but also to set up my own textile business one day that can provide employment to people in rural areas," he said.

While Vinay dreams of taking employment opportunities to rural India, his peers, who also have been named as medal winners, want to open schools and colleges in rural India.

Suhani Kanyal of Isabella Thoburn (IT) College and LU's, Disha Mishra and Sharadha Pandey want to empower women of rural India by making the best education opportunities available in UP villages.

Similarly, Kuldeep Kumar Patel wants to become a professor and impart education to the underprivileged kids.

Other bronze medal winners, Puneet Deshwal and Priyamvada Shukla, aspire to take a career in legal field and fight for the rights of the underprivileged by becoming an advocate.

BIG DREAMS

Winners of Chancellor's Bronze Medal at LU

Vinay Singh

Puneet Deshwal

Priyamvada Shukla

Kuldeep Kumar Patel

Shraddha Pandey

Suhani Kanyal



Disha Mishra

AMRIT VICHAR PAGE 5

दस बजे से कार्यक्रम, नौ बजे पहुंचे शिक्षक और छात्र

लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 26 नवम्बर को होना है। दीक्षांत की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मेडल की सूची और मेहमानों के नाम भी जारी हो चुके हैं। वहीं कार्यक्रम के समय में भी परिवर्तन कर दिया गया है। कुलसचिव ने आदेश जारी करते बताया कि पहले यह कार्यक्रम प्रात: साढ़े 10 बजे प्रस्तावित था, लेकिन अब से प्रात: 10 बजे से कर दिया गया है। ऐसे में सभी छात्र समय से पहुंचे। छात्रों को दीक्षांत समारोह के बारे में जानकारी दे दी गई है। वहीं कई दिनों से समारोह की तैयारियां चल रही हैं। छात्र-छात्रओं ने इसके लिए तैयारी भी कर लिए है। अब वे अपने हुनर का प्रदर्शन समारोह के दिन करेंगे। वहीं मेधावियों को दिए जाने वाले पदकों की भी घोषणा की जा चुकी है। अब इंतजार है तो कार्यक्रम होने का।

छात्रा सारा को स्कॉलरशिप का पत्र देते कुलपति प्रो. आलोक राय। फोटो : अमृत विचार

छात्रा को मिली एक हजार प्रतिमाह की छात्रवृत्ति

विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र की छात्रा सारा को दी जाएगी। ये छात्रवृत्ति शैक्षिक सत्र 2019-20 में अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स में सर्वोच्च स्थान पाने एवं विश्वविद्यालय से परास्नातक में अध्ययन करने के दौरान दी जाती है। छात्रवृत्ति के अन्तर्गत एक हजार रुपए प्रतिमाह दो वर्ष तक दिए जाएंगे। परास्नातक के किसी भी सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण होने या बैक पेपर आने पर छात्रवृत्ति नहीं दी जाएगी। कुलपति प्रोफेसर आलोक राय ने मंगलवार को छात्रा सारा को स्कॉलरशिप का पत्र दिया। विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र की छात्रा सारा ने बताया कि यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। मुझे यह सम्मान मिला है।

रिहर्सल में कार्यक्रमों की होगी परख

आज 12 बजे से दीक्षांत समारोह की रिहर्सल होगी। मिनट टू मिनट सभी कार्यक्रमों को आयोजित किया गया है। कुलाधिपति के आने से लेकर मेधावियों को मेडल दिए जाने तक के कार्यक्रम मंच पर रिहर्सल के रुप में किए जाएंगे। ताकि दीक्षांत समारोह के दिन कोई कमी नहीं रह जाए। रिहर्सल में शिक्षक और छात्र अपना-अपना रोल निभाएंगे। दीक्षांत की रिहर्सल पर 15 मेडल प्रदान किए जाएंगे। इससे पूर्व कुलाधिपति, कुलपति की भूमिका में विश्वविद्यालय के शिक्षक नजर आएंगे। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को देखते हुए 24 नवम्बर को भी कार्यालय रोज की तरह खुलेंगे।

HINDUSTAN TIMES PAGE 4

Anita Bhatnagar Jain

Anita Bhatnagar Jain, LU prof get Bal Sahityakar awards

LUCKNOW : Former bureaucrat Anita Bhatnagar Jain and professor at Lucknow University (LU) Ravindra Pratap Singh were among those who received Bal Sahityakar awards from Hindi Sansthan at a function organised here on Tuesday. Jain was conferred with Amrit Lal Nagar Baal Katha Samman 2020 while Ravindra Pratap Singh, a professor in the department of English and Modern European Languages, LU, received Dr Ram Kumar Verma Baal Naatak Smman 2020. They were presented with a citation, shawl and ₹51,000 in cash. Jain said that she had been writing for kids in Hindi and English for the last 11 years.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में दीक्षांत समारोह का रिहर्सल आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 26 नवम्बर को होगा, जिसकी दीक्षांत की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। मेडल की सूची और मेहमानों के नाम भी जारी हो चुके हैं। अब बुधवार को लविवि के मालवीय सभागार में दोपहर 12 बजे से दीक्षांत समारोह की रिहर्सल होगी। मिनट टू मिनट सभी कार्यक्रमों को आयोजित किया गया है। दीक्षांत की रिहर्सल पर 15 मेडल प्रदान किए जाएंगे। इससे पूर्व कुलाधिपति, कुलपति की भूमिका में विश्वविद्यालय के शिक्षक नजर आएंगे।

सारा को मिलेगी श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप

लखनऊ। सत्र 2019-20 में अर्थशास्त्र विषय में बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने एवं विश्वविद्यालय से परास्नातक में अध्ययन करने के दौरान दी जाने वाली श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कॉलरशिप अर्थशास्त्र विभाग की सुश्री सारा को प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। छात्रवृत्ति में सुश्री सारा को बीए ऑनर्स में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने के परिणाम स्वरूप 1,000 रुपए की धनराशि उनके परास्नातक की पढ़ाई के दौरान दो वर्षों तक प्रदान की जाएगी।